दी गई मतदाता व मताधिकार के बारे में जानकारी

जाबो कार्यक्रम से रूबरू हुए सुराना कॉलेज के छात्र

दुर्ग. जिला प्रशासन एवं नगर निगम दुर्ग द्वारा शुक्रवार को सुराना कॉलेज में जाबो कार्यक्रम के अंतर्गत मतदान जागरुकता अभियान की जानकारी कॉलेज के छात्र-छात्राओं को दी गई. डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचान अधिकारी सुश्री दिव्या वैष्णव ने जाबो कार्यक्रम के तहत बताया कि देश और प्रदेश में होने वाले लोकसभा, विधानसभा और नगरीय निकायों के चुनाव की जानकारी दी गई है. उन्होंने कहा आगामी नगरीय निकाय चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें. आपके मत अनुसार निकाय में शहर सरकार स्थापित होगी, जो विकास और निर्माण को मूर्त रुप देगें.-

कार्यक्रम में सुश्री वैष्णव ने कॉलेज के छात्र-छात्राओं से कहा वे सभी दुर्ग और भिलाई के अलावा अलग-अलग निकायों से यहां अध्ययन करने आते हैं. नगर निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र में निगम द्वारा मतदान केन्द्रों में निर्वाचक नामावली सूची का प्रकाशन किया गया है, वहां जाकर अपने वार्ड से संबंधित सूची का निरीक्षण जांच करें. आपका नाम, पता, पिता, अन्य जानकारी सही है या नहीं उसे देखें. किसी का नाम काटना है, जोड़ना है छूट गया है उसके लिए शासन द्वारा परिर्वतन, संशोधन, और निर्सन अलग-अलग फार्म दिया गया है उसे आवश्यकता अनुसार भर कर मतदान केन्द्र में बैठे प्राधिकृत अधिकारी के पास जमा करायें. इसके लिए 16 सितंबर तक का समय है.

इस अलावा सुश्री वैष्णव ने जाबो कार्यक्रम में उपस्थित समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं, व्याख्याताओं, प्राचार्य तथा छात्र-छात्राओं को शपथ दिल[illegible] कि हम अपने एवं अपने परिवार के [illegible] वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके स[illegible] सदस्यों का नाम निर्वाचक नामाव[illegible] में दर्ज करायेंगे. आगामी निर्वाचनों [illegible] भय एवं लोभ से मुक्त होकर मतद[illegible] करेंगे. प्रजातांत्रिक व्यवस्था [illegible] भागीदारी निभाते हुये तथा अपना नैतिक दायित्व निभाते हुये अन्य सभी व्यक्ति[illegible] को भी मतदान करने हेतु अनिवार्य रू[illegible] से प्रोत्साहित करेंगे. दिव्यांग मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया में भाग लेने तथा नैतिक मतदान करने हेतु भी प्रेरित करेंगे इसकी प्रतिज्ञा लेते हैं. कार्यक्रम में डॉ. श्रीमती रजनी नेल्सन सहायक संचालक, श्रीमती पुष्पा पुरुषोत्तम, प्राचार्य डॉ. डी.एस. सूर्यवंशी, डॉ. श्रीमती किरण तिवारी, डॉ. प्रमोद तिवारी समन्वयक, नोडल अधिकारी राजेश पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता तथा कालेज के अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे.